# राजस्थान सरकार
## निदेशालय, कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर
वित्त भवन, ए–ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर–302005
(दूरभाष नं.:–0141–2740837,फैक्स 0141–2742309, ई मेल:–jacct.dta@rajasthan.gov.in)


क्रमांक : एफ.4(ई)एस–2276/2013/अलेसे–II/1046 दिनांक :– 16-5-2.

## कार्यालय आदेश

निम्नांकित सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को उनके आवेदन के अनुसरण में शैक्षणिक पाठ्यक्रम की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है:–

| क्र. सं. | लिंक नं. | नाम | पाठ्यक्रम | आयोजक संस्था | वर्तमान पदस्थापन कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 12393 | श्री सुनील कुमार बैंरवा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II | M.A., Final 2024-25 Geography Non-Collegiate | राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर। | संयुक्त शासन सचिव वित्त (अंकेक्षण) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर। |

उक्त स्वीकृति राजस्थान सिविल सेवा (आचरण) नियम 1971 के प्रावधानों एवं नियुक्ति आदेश में वर्णित शर्तों के अतिरिक्त निम्न शर्तों के अध्यधीन होगी:–

1. शिक्षण संस्थान में अध्ययन का समय कार्यालय समय के समान ही हो तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः समाप्त मानी जायेगी।
2. परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति के अन्तर्गत परीक्षा दिवसों के अतिरिक्त अन्य कोई अवकाश स्वीकृत नहीं किया जावेगा।
3. उक्त स्वीकृति दिये जाने से किसी स्थान विशेष पर पदस्थापन निरन्तर रखने का अधिकार नहीं मिल सकेगा और इस दौरान अन्यत्र स्थानान्तरण किया जा सकता है।
4. उक्त स्वीकृति के कारण राजकीय कार्य सम्पादन में किसी प्रकार की बाधा/ व्यवधान उत्पन्न होने पर यह स्वीकृति समाप्त कर दी जायेगी।
5. विभाग की पूर्वानुमति प्राप्त किये बिना अध्ययन जारी रखने एवं परीक्षा मे सम्मिलित होने पर आपके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।
6. प्रशासनिक कारणों से उक्त स्वीकृति बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकती है।

(बृजेश किशोर शर्मा)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांक : एफ.4(ई)एस–2276/2013)/अलेसे–II/1046 दिनांक :– 16-5-25

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. संयुक्त शासन सचिव वित्त (अंकेक्षण) विभाग शासन सचिवालय, जयपुर।
2. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदय।
3. उपनिदेशक, (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. श्री सुनील कुमार बैंरवा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, संयुक्त शासन सचिव वित्त (अंकेक्षण) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II/III)

D:\SAS-II\PRIYANKA JI\N.O.C ANAPATTI PRAMAN PATRA.DOCX :- 34